# दिवस 35

## अर्थव्यवस्था: मुद्रा एवं बैंकिंग

भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित ऐसे विषय जो समाचारों में प्रमुखता से रहे हों, का अनुसरण करते हुए UPSC इनके विषय में मूलभूत ज्ञान को परखने का प्रयास करता है, इसके लिये मूलभूत जानकारी का होना आवश्यक है। इस टॉपिक से जुड़े प्रश्न स्थैतिक के साथ-साथ समसामयिक मुद्दों/करेंट अफेयर्स से भी संबंधित हो सकते हैं। विगत वर्षों की परीक्षाओं में देखे गए रूझानों के आधार पर यह स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है कि UPSC इन टॉपिक्स से संबंधित तथ्यों, उनके संदर्भों, मूल पृष्ठभूमि आदि के बारे में प्रश्न पूछ सकता है।

## मूलभूत अवधारणाएँ

- भुगतान शेष: अर्थ और महत्त्व
- घाटे के वित्तीयन का एक उपकरण: प्रत्यक्ष मौद्रीकरण
- भारतीय निर्यात: चिंताएँ एवं संभावनाएं
- मुद्रा आपूर्ति के उपाय
- बेसल मानदंड
- आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 (अध्याय-3)
- अन्य देशों में भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली
- वित्तीय समावेशन: चुनौतियाँ व समाधान
- यूनिवर्सल बेसिक इनकम: समय की मांग
- चीन की डिजिटल मुद्रा
- महामारी का अर्थशास्त्र
- प्रत्यक्ष मौद्रीकरण
- खुदरा मुद्रास्फीति में वृद्धि
- वर्चुअल करेंसी पर प्रतिबंध समाप्त

**विगत वर्षों के प्रश्न**

प्र. भारतीय रुपए की गिरावट रोकने के लिये निम्नलिखित में से कौन-सा एक सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किया जाने वाला सर्वाधिक संभावित उपाय नहीं है? (2019)

(a) गैर-ज़रूरी वस्तुओं के आयात पर नियंत्रण और निर्यात को प्रोत्साहन

(b) भारतीय उधारकर्त्ताओं को रुपए मूल्यवर्ग के मसाला बॉण्ड जारी करने हेतु प्रोत्साहित करना

(c) विदेशी वाणिज्यिक उधारी से संबंधित दशाओं को आसान बनाना

**(d) एक प्रसरणशील मौद्रिक नीति का अनुसरण करना**

---

प्र. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन वैध मुद्रा (लीगल टेंडर मनी) के अर्थ को सही वर्णित करता है?

(a) न्यायालय में विधिक मामलों के लिये फीस के चुकाने में जो मुद्रा दी जाती है।

**(b) वह मुद्रा जो कोई ऋणदाता अपने दावों के निपटाने में स्वीकार करने के लिये बाध्य होता है।**

(c) चेक, ड्राफ्ट, विनिमय बिलों आदि के रूप में बैंक मुद्रा।

(d) किसी देश में चलन में धातु मुद्रा।

---

प्र. 'एकीकृत भुगतान अंतरापृष्ठ (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस- UPI)' को कार्यान्वित करने से निम्नलिखित में से किसके होने की सर्वाधिक संभाव्यता है? (2017)

**(a) ऑनलाइन भुगतानों के लिये मोबाइल वालेट आवश्यक नहीं होंगे।**

(b) लगभग दो दशकों में पूरी तरह भौतिक मुद्रा का स्थान डिजिटल मुद्रा ले लेगी।

(c) FDI अंतर्वाह में भारी वृद्धि होगी।

(d) निर्धन व्यक्तियों को उपदानों (सब्सिडीज) का प्रत्यक्ष अंतरण (डायरेक्ट ट्रांसफर) बहुत प्रभावकारी हो जाएगा।

---

प्र. कभी-कभी सामाचारों में आने वाली 'बिटकॉइन्स' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2016)

1- बिटकॉइन्स की खोज-खबर देशों के केंद्रीय बैंको द्वारा रखी जाती है।

2- बिटकॉइन्स के पते वाला कोई भी व्यक्ति बिटकॉइन्स के पते वाले किसी अन्य व्यक्ति को बिटकॉइन्स भेज सकता है या उससे प्राप्त कर सकता है।

3- ऑनलाइन अदायगी, दोनों तरफ में से किसी भी तरफ की पहचान जाने बिना की जा सकती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2

**(b) केवल 2 और 3**

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

---

प्र. निम्नलिखित उपायों में से किसके/किनके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि होगी? (2012)

1- केंद्रीय बैंक द्वारा लोगों से सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय

2- लोगों द्वारा वाणिज्यिक बैंको में जमा की गई करेंसी

3- सरकार द्वारा केंद्रीय बैंक से लिया गया ऋण

4- केंद्रीय बैंक द्वारा लोगों को सरकारी प्रतिभूतियों का विक्रय

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 4

**(c) केवल 1 और 3**

(d) केवल 2, 3 और 4

---

प्र. निम्नलिखित में से किस/किन परिस्थिति/परिस्थितियों में 'पूँजीगत लाभ' हो सकता है? (2012)

1- जब किसी उत्पाद के विक्रय में वृद्धि हो

2- जब किसी संपत्ति के मूल्य में प्राकृतिक वृद्धि हो

3- जब आप कोई रंगचित्र खरीदें और उसकी लोकप्रियता बढ़ने के कारण उसके मूल्य में वृद्धि हो

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1

**(b) केवल 2 और 3**

(c) केवल 2

(d) 1, 2, और 3

---

## बैंकिंग तथा संबद्ध अवधारणाएँ

- भुगतान बैंक
- बैड बैंक की अवधारणा: महत्त्व व चुनौतियाँ
- के. वी. कामथ समिति
- NBFCs के लिये नए रिज़र्व बैंक के तरलता निर्देश
- कोरोनावायरस के लिये विशेष आपातकालीन ऋण
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का पुनर्पूंजीकरण
- खुला बाज़ार परिचालन
- यस बैंक संकट
- बैंक बोर्ड ब्यूरो

**विगत वर्षों के प्रश्न**

प्र. सार्वजनिक क्षेत्रक बैंकों के अध्यक्षों का चयन कौन करता है? (2019)

**(a) बैंक बोर्ड ब्यूरो**

(b) भारतीय रिज़र्व बैंक

(c) केंद्रीय वित्त मंत्रालय

(d) संबंधित बैंक का प्रबंधन

---

प्र. निम्नलिखित में से कौन भारत के सभी ATMs को जोड़ता है?

(a) भारतीय बैंक एसोसिएशन

(b) राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेप लिमिटेड (नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपाज़िटरी लिमिटेड)

**(c) भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम लिमिटेड (नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया)**

(d) भारतीय रिज़र्व बैंक

---

प्र. कभी-कभी समाचारों में आने वाले पद "व्यापारी छूट दर" (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) को निम्नलिखित में कौन-सा सबसे सही स्पष्ट करता है?

(a) यह किसी बैंक द्वारा किसी व्यापारी को उस बैंक के डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिये दिया जाने वाला प्रोत्साहन है।

(b) यह बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों को वास्तुपन और सेवाओं के क्रय हेतु वित्तीय लेन-देनों के लिये डेबिट कार्ड का प्रयोग करने पर वापिस दी जाने वाली राशि है।

**(c) यह बैंक द्वारा किसी व्यापारी पर अपने ग्राहकों के डेबिट कार्ड से भुगतान लेने पर लगाया जाने वाला शुल्क है।**

(d) यह सरकार द्वारा व्यापारियों को अपने ग्राहकों से 'पॉइंट ऑफ सेल' (पी.ओ.एस.) मशीनों और डेबिट कार्ड के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिये दिया जाने वाला प्रोत्साहन है।

---

प्र. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1- पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सी.ए.आर.) वह राशि है जिसे बैंकों को अपनी निधियों के रूप में रखना होता है जिससे वे, यदि खाता-धारकों द्वारा देयताओं का भुगतान नहीं करने से कोई हानि होती है, तो उसका प्रतिकार कर सकें।

2- सी.ए.आर. का निर्धारण प्रत्येक बैंक द्वारा अलग-अलग-किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं।

**(a) केवल 1**

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनो

(d) न तो 1और न ही 2

---

प्र. भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के संचालन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1- पिछले दशक में भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पूंजी अंतर्वेशन में लगातार वृद्धि हुई है।

2- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सुव्यवस्थित करने के लिये मूल भारतीय स्टेट बैंक के साथ उसके सहयोगी बैंकों का विलय किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं।

(a) केवल 1

**(b) केवल 2**

(c) 1 और 2 दोनो

(d) न तो 1और न ही 2

---

प्र. भारत में लघु वित्त बैंकों (SFBs) को स्थापित करने का क्या प्रयोजन है? (2017)

1- लघु व्यवसाय इकाइयों को ऋण की पूर्ति करना।

2- लघु और सीमांत कृषकों को ऋण की पूर्ति करना।

3- युवा उद्यमियों को विशेषतः ग्रामीण क्षेत्रें में व्यापार स्थापित करने के लिये प्रोत्साहित करना।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

**(a) केवल 1 और 2**

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

---

प्र. RBI द्वारा घोषित 'कोषों की सीमांत लागत पर आधारित उधारी दर (Marginal Cost of Funds based Lending Rate 'MCLR') का/के उद्देश्य क्या है/हैं? (2016)

1- ये दिशा-निर्देश उधारों की ब्याज दरें निर्धारित करने हेतु बैंकों द्वारा अपनाई गई विधि में पारदर्शिता बढ़ाने में मदद करते हैं।

2- ये दिशा-निर्देश बैंक शाखा की उपलब्धता ऐसी ब्याज़ दरों पर सुनिश्चित करने में मदद करते हैं जो ऋण लेने वाले एवं बैंक के लिये न्यायसंगत हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

**(c) 1 और 2 दोनो**

(d) न तो 1और न ही 2

---

प्र. भारत में वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से 'भुगतान बैंकों (पेमेंट बैंक्स)' की स्थापना की जा रही है। इस दृष्टि से निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2016)

1- जिन मोबाइल टेलीफोन कंपनियों और सुपर-बाज़ार शृंखलाओं का स्वामित्व एवं नियंत्रण भारतीय व्यक्तियों के पास है, वे भुगतान बैंकों के प्रवर्तक होने के योग्य हैं।

2- भुगतान बैंक क्रेडिट कार्ड एवं डेबिट कार्ड दोनों जारी कर सकते हैं।

3- भुगतान बैंक ऋण देने के कार्यकलाप नहीं कर सकते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2

**(b) केवल 1 और 3**

(c) केवल 2

(d) 1, 2 और 3

---

## बाह्य क्षेत्रक

- विदेशी मुद्रा भंडार: संभावनाएँ व महत्त्व
- पी-नोट्स के माध्यम से निवेश में वृद्धि
- एयर इंडिया का निजीकरण
- विदेशी पोर्टफोलियो निवेश में वृद्धि
- विदेशी मुद्रा भंडार की स्थिति
- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के नियमों में सख्ती
- डॉलर विनिमय समझौता

**विगत वर्षों के प्रश्न:**

प्र. पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा उन विदेशी निवेशकों को, जो स्वयं को सीधे पंजीकृत कराए बिना भारतीय स्टॉक बाज़ार का हिस्सा बनना चाहते है, निम्नलिखित में से क्या जारी किया जाता है?

(a) जमा प्रमाण-पत्र

(b) वाणिज्यिक पत्र

(c) वचन-पत्र (प्रॉमिसरी नोट)

**(d) सहभागिता पत्र (पार्टिसिपेटरी नोट)**

---

प्र. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2019)

1- क्रय शक्ति समता (परचेजिंग पावर पैरिटि-PPP) विनिमय दरों की गणना विभिन्न देशों में एक समान वस्तुओं और सेवाओं के मूल्यों की तुलना कर की जाती है।

2- PPP डॉलर के संदर्भ में भारत विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

**(a) केवल 1**

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

---

प्र. सामाचारों में कभी-कभी देखे जाने वाले 'आधार क्षय एवं लाभ स्थानांतरण' पद का क्या संदर्भ है? (2016)

(a) संसाधन-संपन्न किंतु पिछड़े क्षेत्रों में बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा खनन कार्य।

**(b) बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किये जाने वाले कर-अपवंचन पर प्रतिबंध लगाना।**

(c) बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किसी राष्ट्र के आनुवंशिक संसाधनों का दोहन।

(d) विकास परियोजनाओं की योजना एवं कार्यान्वयन में पयावरणनीय लागतों के विचारों का अभाव।

---

प्र. अंतर्राष्ट्रीय नकदी (लिक्विडिटी) की समस्या निम्नलिखित में से किसकी अनुपलब्धता से संबंधित है? (2015)

(a) वस्तुएँ और सेवाएँ

(b) सोना और चांदी

**(c) डॉलर और अन्य दुर्लभ मुद्राएँ (हार्ड करेंसीज)**

(d) निर्यात-योग्य बेशी (सरप्लस)

---

प्र. रुपए की परिवर्तनीयता से क्या तात्पर्य है? (2015)

(a) रुपए के नोटों के बदले सोना प्राप्त कर सकना

(b) रुपए के मूल्य को बाज़ार की शक्तियों द्वारा निर्धारित होने देना

**(c) रुपए को अन्य मुद्राओं में और अन्य मुद्राओं को रुपए में परिवर्तित करने की स्वतंत्र रूप से अनुज्ञा प्रदान करना**

(d) भारत में मुद्राओं के लिये अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार विकसित करना

---

प्र. भुगतान संतुलन के संदर्भ में निम्नलिखित में से किससे/किनसे चालू खाता बनता है? (2014)

1- व्यापार संतुलनन

2- विदेशी परिसंपत्तियाँ

3- अदृश्यों का संतुलन

4- विशेष आहरण अधिकार

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

**(c) केवल 1 और 3**

(d) केवल 1, 2 और 4

---

# वित्तीय बाज़ार और संस्थान


- भारतीय रिज़र्व बैंक
- RBI की मौद्रिक नीति की समीक्षा
- वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट
- RBI के अधिकार और सहकारी बैंक
- निजी बैंकों की समीक्षा
- भुगतान अवसंरचना विकास कोष
- ऑपरेशन ट्विस्ट का पुनः उपयोग


**विगत वर्षों के प्रश्न**

प्र. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2019)

'भुगतान प्रणाली आँकड़ों के भंडारण (स्टोरेज ऑफ पेमेंट सिस्टम डेटा)' के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के हाल का निदेश, जिसे प्रचलित रूप से डेटा डिक्टैट के रूप में जाना जाता है, भुगतान प्रणाली प्रदाताओं (पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडर्स) को समादेशित करता है कि-

1- वे यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके द्वारा संचालित भुगतान प्रणालियों से संबंधित समग्र आँकड़े एक प्रणाली के अंतर्गत केवल भारत में भंडारित किये जाएँ।

2- वे यह सुनिश्चित करेंगे कि इन प्रणालियों का स्वामित्व और संचालन सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम ही करें।

3- वे कैलेंडर वर्ष की समाप्ति तक भारत के नियंत्रक एंव महालेखापरीक्षक को समेकित प्रणाली लेखापरीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

**(a) केवल 1**

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

---

प्र. मौद्रिक नीति समिति (मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी-MPC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2017)

1- यह RBI की मानक (बेंचमार्क) ब्याज़ दरों का निर्धारण करती है।

2- यह एक 12-सदस्यीय निकाय है जिसमें RBI का गवर्नर शामिल है तथा प्रत्येक वर्ष इसका पुनर्गठन किया जाता है।

3- यह केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में कार्य करती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

**(a) केवल 1**

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3

(d) केवल 2 और 3

---

प्र. समाचारों में प्रायः आने वाला 'बासल 3 (BASEL 3) समझौता' या सरल शब्दों में 'बासल 3' (2015)

(a) जैव विविधता के संरक्षण और धारणीय (सस्टेनेबल) उपयोग के लिये राष्ट्रीय कार्यनीतियाँ विकसित करने का प्रयास करता है।

**(b) बैंकिंग क्षेत्रों के, वित्तीय और आर्थिक दबावों का सामना करने के सामर्थ्य को उन्नत करने तथा जोखिम प्रबंधन को उन्नत करने का प्रयास करता है।**

(c) ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने का प्रयास करता है किंतु विकसित देशों पर अपेक्षाकृत भारी बोझ रखता है।

(d) विकसित देशों से निर्धन देशों को प्रौद्योगिकी के अंतरण का प्रयास करता है ताकि वे प्रशीतन में प्रयुक्त होने वाले क्लोरोफ्लोरोकार्बन के स्थान पर हानिरहित रसायनों का प्रयोग कर सकें।

---

प्र. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में 'खुला बाज़ार प्रचालन' किसे निर्दिष्ट करता है? (2013)

(a) अनुसूचित बैंकों द्वारा RBI से ऋण लेना

(b) वाणिज्यिक बैंकों द्वारा उद्योग और व्यापार क्षेत्रें को ऋण देना

**(c) RBI द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय और विक्रय**

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

---

प्र. निम्नलिखित में से कौन-से मामलों में भारतीय रिज़र्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को नियंत्रित करता है?

1- परिसंपत्तियों की तरलता

2- शाखा विस्तार

3- बैंकों का विलय

4- बैंकों का समापन

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 4

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1, 2 और 3

**(d) 1, 2, 3 और 4**

---

प्र. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) बैंकरों के बैंको (केंद्रीय बैंक) के रूप में कार्य करता है। इसका/इसके अर्थ निम्नलिखित में से कौन-सा/से है/हैं? (2012)

1- अन्य बैंक RBI के पास अपनी जमा संचिति रखते हैं।

2- आवश्यकता के समय RBI वणिज्यिक बैंको को देता है।

3- RBI वणिज्यिक बैंको को मौद्रिक विषयों पर परामर्श देता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 1 और 3

**(d) 1, 2, और 3**

---

प्र. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1- भारतीय रिज़र्व बैंक, भारत सरकार की प्रतिभूतियों का प्रबंधन और प्रयोजन करता है किंतु किसी राज्य सरकार की प्रतिभूतियों का नहीं।

2- भारत सरकार कोष-पत्र (ट्रेज़री बिल) जारी करती है और राज्य सरकारें कोई कोष पत्र जारी नहीं करतीं।

3- कोष-पत्र ऑफर अपने समतुल्य से बट्टे पर जारी कयि जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

**(c) केवल 2 और 3**

(d) 1, 2, और 3

---

प्र. नम्निलखिति कथनो पर वचिार कीजयि: (2017)

1- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान नगिम (नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडया- NPCI) देश में वत्तिीय समावेशन के संवर्द्धन में सहायता करता है।

2- NPCIने एक कार्ड भुगतान स्कीम RuPay प्रारंभ की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

**(c) 1 और 2 दोनों**

(d) न तो 1 और न ही 2

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/day-35